SSLC Top Test Series

KP (G) | Hindi | Time : 45 Mnts

Std. 10 | (Chap. 1 to 8) | Score : 20

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

Type - A

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है।

1 'मुझे' में निहित सर्वनाम है 1

(हम, तुम, मैं, वह)

2 बेला साहिल की नज़र में कैसी लड़की है? 1

3 मान लें, इस घटना के बारे में बेला अपनी डायरी में लिख रही है। डायरी का वह अंश लिखें। 4

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहे
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

4 'महारथी' शब्द का विशेषण है 1

(अपने, बड़े-बड़े, निहत्थी, टूटा)

5 समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

मैं रथ का टूटा पहिया हूँ। अभिमन्यु के हाथों में रहकर ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

6 कवितांश पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लोगों में ठहाकों की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे। अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बरसाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार।

7 'चार्ली' के स्थान पर 'माँ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1
चार्ली स्टेज पर आया।

8 दर्शकों ने चार्ली का अभिनंदन कैसे किया? 2

9 मान लें, इस घटना का उल्लेख करते हुए माँ ने अपनी सहेली के नाम पत्र लिखा। वह पत्र तैयार करें। 4

Type - B

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था' कहते ही वे 'जानने' की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ी को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते। '

1 'उसके' में निहित सर्वनाम है 1
(यह, वह, वे, तुम)

2 व्यक्ति को जानने का परंपरागत तरीका कौन-सा है? 2

3 'जानना' शब्द की लेखक की व्याख्या से क्या आप सहमत हैं? अपनी राय पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कलाम सीखने में तेज़ है। झट-से उनकी बोली सीख जाता है और जल्दी ही विदेश से आई लूसी मैडम का भी दिल जीत लेता है। लूसी मैडम वादा करती है कि वे उसे अपने साथ दिल्ली लेकर जाएँगी। दिल्ली में डॉ कलाम हैं, जिनसे मिलकर हमारे कलाम को कुछ कहना है।

4 'दिल जीत लेना' का अर्थ है 1
(क्रुद्ध होना, खेल में जीतना, आकर्षित करना, पराजित करना)

5 लूसी मैडम छोटू को क्या वादा देती है? 2

6. मान लें, इस संबंध में छोटू अपनी डायरी में लिखता है। उसकी डायरी का अंश कल्पना करके लिखें। 4

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का निम्नलिखित अंश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया, सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त

7 'अकाल और उसके बाद' किसकी कविता है? 1
(धर्मवीर भारती की, नागार्जुन की, प्रेमचंद की, विनोदकुमार शुक्ल की)

8 समान आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें। 1
घर में दाना नहीं है। इसलिए चूल्हा रोया। चक्की उदास रही।

9 कवितांश पर टिप्पणी लिखें। 4